हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 22 जुलाई 2025
[नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी]

06 दस दिनों से लगा बारिश पर ब्रेक गर्मी और उमस...



07 मप्र को आला अधिकारी देने वाले स्कूल की हालत खराब



## खबर संक्षेप

### 30 हितग्राहियों ने करवाया एलटीटी ऑपरेशन

**नर्मदापुरम।** विश्व जनसंख्या स्थिरीकरण माह के अंतर्गत सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिवनीमालवा में डॉ शेखर रघुवंशी ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर के मार्गदर्शन में परिवार नियोजन कार्यक्रम के स्थाई साधन अपनाने वाले 30 हितग्राहियों ने एल टी टी ऑपरेशन कराये। ऑपरेशन सर्जन डॉ एस विजयवर्गीय जिला नर्मदापुरम द्वारा किये गये।

### आयुक्त आज लेंगे विभागों की बैठक

**नर्मदापुरम।** संभागायुक्त नर्मदापुरम के जी तिवारी की अध्यक्षता में बुधवार 23 जुलाई 2025 को प्रातः 10:30 बजे से संभागायुक्त कार्यालय नर्मदापुरम संभाग के सभाकक्ष में स्कुल शिक्षा विभाग, अनुसूचित जनजाति विकास एवं जनजातीय कार्य विभाग,, उच्च शिक्षा विभाग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग एवं पेंशन विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि अपने विभागीय कार्यों की अद्यतन जानकारी एवं प्रगति रिपोर्ट के साथ अनिवार्य रूप से बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

### प्रशासन ने जारी की एडवायजरी, बारिश होने पर ही नागद्वारी पहुंचे श्रद्धालु

# पचमढ़ी मेला में भक्तों का रोमांच चरम पर, सैकड़ों की तादात में पहुंचे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नागद्वारी मेले के तीसरे दिन भी भक्तों की अपार भीड़ से पचमढ़ी में हर हर महादेव के जयकारों से पचमढ़ी की वादियों में भक्ति का अनूठा संचार उत्पन्न हो रहा है। दर्शन हेतु पधारे भक्तों से पूरा पचमढ़ी भक्तिमय हो रहा है। नागद्वार पदमशेष का मार्ग पचमढ़ी से नागद्वार तक भक्तों की लंबी-लंबी अनवरत चल रही है। मेले की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्राप्त है सही निरीक्षण एवं व्यवस्थाओं का अवलोकन किया जा रहा है। मिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी, पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) मिथिलेश कुमार शुक्ला के साथ पचमढ़ी पहुंचे। कमिश्नर ने नागद्वारी मेले में श्रद्धालुओं को दी जा रही व्यवस्थाओं का निरीक्षण कियाइस दौरान उन्होंने आवश्यक निर्देश दिये

जिले के प्रसिद्ध नागद्वारी मेले को लेकर अधिकारियों का दौरा कार्यक्रम लगातार जारी है। सोमार को कमिश्नर एवं आईजी ने संयुक्त दौरा कर व्यवस्थाएं बनाने के निर्देश दिए।



### मौसम फिर बन सकता है यात्रा में बाधा



नागद्वार मेला क्षेत्र को देख तो वह पूरी तरह घने जंगलों के बीच मौजूद है और बारिश की कमी से पेयजल एवं अन्य जल उपयोग के लिए परेशानी खड़ी हो जाती है। पचमढ़ी में पिछले तीन दिनों से बारिश ना के बराबर है ऐसे में जिला प्रशासन ने एडवाइजरी जारी करते हुए भक्तजनों से अनुरोध किया है कि, नागद्वारी मेला यात्रा विगत 19 जुलाई से प्रारम्भ हुई है. जो 29 तक रहेगी। मेला प्रारम्भ होने के प्रथम दिन से अब तक मेला क्षेत्र मे वर्षा न होने के कारण मेला क्षेत्र मे कतिपय प्रकृतिजन्य समस्याएं उत्पन्न होना संभावित हो सकती हैं। अतःउक्त स्थिति को देखते हुए नागद्वारी यात्रा कभी भी स्थगित करना पड़ सकता है. दिनांक बुधवार के पश्चात बरसात होने की सम्भावना है। अतः समस्त श्रद्धालु यात्रीगण को यह सलाह दी जाती है कि, असुविधा से बचने हेतु पर्याप्त वर्षा होने पर ही मेला यात्रा मे आवें। मौसम विभाग द्वारा दिए गए डाटा को देखें तो बुधवार से पचमढ़ी में बारिश होने की संभावना है।

### कंट्रोल रूम में नागरिकों के लिए बनाई गई व्यवस्था

तहसील कार्यालय स्थित मुख्य कंट्रोल रुम द्वारा समस्त व्यवस्थाओं जैसे भोजन पानी एवं साफ सफाई हेतु लगाए, सफाई कर्मियो के द्वारा मेला क्षेत्र में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है एवं नागद्वार क्षेत्र ड्यूटी कर रहे कर्मचारियों को स्थल पर भोजन भिजवाने की व्यवस्था भी की जा रही है। विभिन्न स्थानों पर निःशुल्क भण्डारों के संचालन में प्रशासन द्वारा सफाई कर्मी एवं ब्लीचिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। श्रद्धालु जो कि अपने साथ आए परिवार तथा साथियों से बिछड गये थे उन्हे शासन की मुस्तैदी से अपने परिजनों से मिलवाया गया है जिसमें प्रमिला निमबांडकर जो जलगली से बिछड गई थीं, पता करने पर वह अपने अन्य साथियों के साथ अपने घर नागपुर पहुंच गई।

## कचरे में मिला नवजात बच्चे का सिर, बांकी हिस्सा कुत्तों ने खाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम के हिल स्टेशन पचमढ़ी में नालंदा टोला क्षेत्र में एक कचरे के ढेर में पड़े नवजात शिशु के बच्चे को फीमेल डॉग मुंह में दबाकर थोड़ी दूर अपने बच्चों के पास ले गई। वहां फीमेल डॉग ने उस नवजात के शव को खा लिया। शव को मुंह में दबाकर ले जा रही डॉग को मोहल्ले की एक किशोरी ने देख लिया। उसने पड़ोस की महिलाओं को इसकी जानकारी दी। मोहल्ले के लोगों ने पचमढ़ी थाने इसकी सूचना दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। लेकिन तब तक डॉग नवजात के सिर से नीचे का हिस्सा खा चुकी थी। केवल सिर ही बचा था। पुलिस ने पंचनामा बनाकर नवजात के सिर को उठवाया। मर्ग कायम कर जांच शुरू की।

बताया जा रहा है कि किसी ने डोरमेट में लपेटकर नवजात शिशु के शव को फेंक दिया था। इसके बाद सोमवार दोपहर फीमेल डॉग शव को मुंह में दबाकर थोड़ी दूर एकांत जगह पर ले आई। जहां फीमेल डॉग के छोटे-छोटे बच्चे थे। एसडीओपी मोहित यादव ने कहा नवजात शिशु के सिर डॉग के पास मिला है। मर्ग कायम कर पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। मामले की जांच कर रहे है।

### चोरों ने फिर बोला सूने घर पर धावा, जेवरात और नगदी ले उड़े चोर

**नर्मदापुरम।** शहर में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। 19 जुलाई की दोपहर 2 से 2:30 बजे के बीच माखननगर रोड स्थित ऋषिपुरम कॉलोनी में एक कपड़ा व्यापारी के सूने घर में चोरों ने ताला तोड़कर करीब 4 लाख के सोने-चांदी के जेवर और 15 हजार नगद चोरी कर लिए। यह वारदात तब हुई जब महिला अपने बेटे को स्कूल लेने गई थी। फरियादी बहादुर सिंह की पत्नी दोपहर 2 बजे बेटे को स्कूल से लेने गई थीं। लौटने पर उन्होंने घर का दरवाजा खुला पाया। अंदर जाने पर देखा कि अलमारी में रखा सोने का हार, चार जोड़ चूड़ी, अंगूठी, चांदी के जेवर और 15 हजार नकद गायब थे। यह देख महिला घबरा गई और तुरंत पति व पड़ोसियों को सूचना दी। सूचना मिलते ही देहात थाना प्रभारी सौरभ पांडे अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मुआयना किया। घर का ताला एक कुर्सी पर रखा मिला और अलमारी का सारा सामान बिखरा पड़ा था। पुलिस ने आसपास लगे कैमरे खंगाले, लेकिन कोई संदिग्ध नजर नहीं आया। रविवार रात को बहादुर सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।इससे पहले 14 जुलाई को डबल फाटक इटारसी रोड पर हरिओम दुबे के सूने मकान में भी दिन में चोरी हुई थी।

## भोपाल संभाग में जलवायु परिवर्तन निदेशक नियुक्त हुए सौरभ अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



मप्र की वन एवं जलवायु परिवर्तन संवर्धन परिषद के शिक्षा मंडल निदेशक पद पर युवा समाजसेवी सौरभ अग्रवाल पुत्र कन्नूलाल अग्रवाल निवासी सोहागपुर को नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति परिषद के मप्र अध्यक्ष हीरालाल पाटीदार ने की, जिसमें सौरव अग्रवाल को भोपाल संभाग निदेशक के पद की नियुक्ति का पत्र सौंपा गया। नियुक्ति पत्र अनुसार पर्यावरण संरक्षण क्षेत्र में अग्रवाल के प्रयासों व योगदान को परिषद से मान्यता व सराहना मिली है। इससे जिले में जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के प्रयासों को लाभ होगा। इस विशेष नियुक्ति पर समस्त क्षेत्रवासियों ने सौरभ अग्रवाल को बधाई दी है।

## समझाइश के बाद भी नहीं माने तो मवेशियों के मालिकों पर लगाया गया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



मवेशियों का सड़क पर खड़ा होना या घूमना सड़कों और राजमार्गों पर वाहन चालकों के लिए एक गंभीर खतरा बनते जा रहा है। जपं नर्मदापुरम के द्वारा सीईओ रंजीत ताराम के नेतृत्व में विकास खण्ड की रोड किनारे की पंचायतों को निर्देशित किया है कि कोई भी मवेशी सड़क पर नहीं दिखें। इसके लिये सभी पंचायतों में हांका दल का गठन भी किया गया है। सड़क पर खड़े हो रहे मवेशियों को भगाने के लिये सभी पंचायतें अपने अपने स्तर से कार्य कर रही है। सीईओ ताराम ने बताया कि ग्राम पंचायत निमसाड़ियाि में सरपंच बालेन्द्र पटेल, सचिव अर्जुन एवं रोजगार सहायक संदीप पटैल के द्वारा रोड पर खडे. मवेशियों की पहचान कर मालिकों पर जुर्माना लगाना प्रारंभ कर दिया है आपने बताया कि आज ग्राम के श्रीराम कहार पिता नन्हेलाल, संजय रामकिशन एवं फ्द्दा पिता नन्हें कहार पर जुर्माना लगाया। ग्राम पंचायत बेहराखेड़ी के सचिव नीतेश चौरासे के द्वारा ग्राम के प्रमोद राजपूत पिता गुलाब सिंह राजपूत पर जुर्माना किया एवं ग्राम पंचायत डोलरिया के सचिव कैलाश अहिरवार के द्वारा ग्राम के राजेश साहू पिता हीरालाल साहू पर जुर्माना लगाया।

## शतरंज खिलाड़ियों ने जोनल स्टार की स्पर्धा में कांस्य पदक जीता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



समेरिटंस इंग्लिश मीडियम स्कूल (आइसीएसई) पिपरिया के शतरंज खिलाड़ियों ने जोनल स्टार की स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। यह प्रतियोगिता हाल ही में भोपाल में आयोजित हुई थी। इस सम्बन्ध में प्राचार्य कल्पना शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता भोपाल शंकर वैली स्कूल में हुई, जिसमें अंदर 17 वर्ष आयु वर्ग में समेरिटंस पिपरिया के देवराज रघुवंशी, कार्तिक पटेल, शिवओम पटेल शामिल हुए थे। उन्होंने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों की उपलब्धि पर संस्था के डायरेक्टर डा. आशुतोष शर्मा, सचिन खंपरिया, अनुराग पालीवाल, माया शर्मा ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### हरदा-घटना का अहिरवार समाज ने किया विरोध

**इटारसी।** अहिरवार समाज संघ युवा प्रकोष्ठ ने श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के सैनिकों पर हरदा में प्रशासन की बर्बरतापूर्ण व्यवहार के विरोध में ज्ञापन दिया है।
बता दे कि बीते दिनों हरदा जिले में राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर एवं करणी सैनिकों पर व राजपूत समाज की बहन बेटियों के ऊपर पुलिस प्रशासन ने बर्बरता पूर्वक राजपूत समाज की धर्मशाला में घुसकर जो व्यवहार किया था उसके विरोध में उसे अहिरवार समाज संघ युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर अजय अहिरवाल के नेतृत्व में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम इटारसी एसडीएम महोदय को ज्ञापन सोपा गया।

## मनीष शंकर अनुशासन और मानवता का अद्भुत समन्वय थेः लेफ्टिनेंट जनरल हसनैने

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

आपीएस मनीष शंकर शर्मा की स्मृति में मनीष एस शर्मा सपोर्ट फाउंडेशन में कई वरिष्ठ अधिकारी, बुद्धिजीवि एवं समाजसेवी शामिल हुए। फाउंडेशन का उद्देश्य मनीष शर्मा की सेवा भावना, नीति, सामाजिक उत्तरदायित्व के विचारों को बढ़ावा देना है। 20 जुलाई 2015 की सेंट डिएगो के मेयर केबिन फाल्कनर ने 20 जुलाई को मनीष शर्मा डे घोषित किया था। इस सम्मान की 10 वीं वर्षगांठ पर श्यामला हिल्स भोपाल में स्थित राज्य संग्राहालय सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें भोपाल की 4 महिला हस्तियों को सम्मानित किया गया। जिसमें राजनीयिक स्मिता पंत, विंग कमांडर तनुश्री पंत, एचआर विशेषज्ञ दिव्या पंत और आपीएस अधिकारी ईशा पंत शमिल रहीं। कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट जनरल एसए हसनैने, डीजीपी कैलाश मकवाना, मैजर जनरल सुमित कव्तियाल, जनरल मिलिंद नायडू, पूर्व मुख्य सचिव कृपाशंकर शर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ सीतासरन शर्मा, भाजपा नेता सुरेश पचौरी, फाउंडेशन सदस्य नीमेश त्रिवेदी, मनीष राजोरिया सहित कई प्रतिष्ठित अधिकारी जन उपस्थित रहे।

संस्था चार प्रमुख क्षेत्रों में कार्य करेगी जिसमें नैतिक सार्वजनिक नेतृत्व को बढ़ावा देना, ग्रीन फ्लेगेसी पहल के तहत एक बेटी, एक वृक्ष अभियान चलाया जाएगा। यूथ एंड पॉलिसी फेलोशिप के जरिए युवाओं को सिविल सेवाओं के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। शिक्षा और कौशल विकास के तहत डिजीटल साक्षरता, जीवन कौशल और नागरिक शिक्षा पर कार्य होगा। स्कूलों को गोद में लेकर उनके विकास पर जोर दिया जाएगा।

कार्यक्रम में मुख्यवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल सैय्यद अता हसनैने ने कहा कि वैश्विक सुरक्षा के दौर में मनीशंकर शर्मा जैसे अफसरों की जरूरत है। वे अनुशासन और मानवता का अद्भुत समन्वय थे। उनकी कार्यशैली जनता के बीच विश्वास का प्रतीक बनी।

## छात्राओं से बैड टच करने पर शिक्षक हुआ निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय नर्मदापुरम द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार शासकीय उमावि बघवाड़ा विकासखंड सिवनीमालवा, जिला नर्मदापुरम के प्रभारी शिक्षक राम आशीष पाण्डेय द्वारा विद्यालय की कक्षा 12वीं की छात्राओं के साथ अभद्र आचरण एवं बैड टच की गंभीर शिकायतों के आधार पर एवं प्राप्त तथ्यों की पुष्टि होने पर मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3(1) तथा मध्यप्रदेश सिविल सेवा नियम 1966 के नियम 9 के तहत उक्त शिक्षक का कृत्य प्रथम दृष्टया आपत्तिजनक एवं अनुशासनहीनता की श्रेणी में पाया गया। संयुक्त संचालक लोक शिक्षण विभाग नर्मदापुरम द्वारा तत्काल प्रभाव से राम आशीष पाण्डेय को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिवनीमालवा से हटाकर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय सोहागपुर में अटैच किया गया है। इसके अतिरिक्त, उनके विरुद्ध है शासकीय आवश्यक अनुशासनात्मक कार्यवाही भी प्रस्तावित की जा रही है। तत्संबंध में प्रभारी प्राचार्य सुनील कुमार झारानिया को छात्राओं द्वारा की गई शिकायत को गंभरीता से न लेने पर कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है और हिदायत भी दी गई है कि तत्संबंध में संतोषजनक स्पस्टीकरण प्रस्तुत करें।

## स्मार्ट मीटर को लेकर चार घंटे की मशक्कत और विरोध के बाद लौटी बिजली कंपनी की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



स्मार्ट मीटर लगाने वार्ड 17 सोनासांवरी नाका पहुंची बिजली कंपनी की टीम आखिर चार घंटे के तीखे विरोध और मशक्कत के बाद एक माह का वक्त देकर बैरंग लौट गयी। अब यहां के लोगों को एक माह स्मार्ट मीटर से निजात मिल गयी है। कंपनी के अफसरों को वार्ड के लोगों से साफ कह दिया कि अन्य जगहों पर लगायें, कहीं से अधिक बिल की शिकायत नहीं आयी तो हम एक माह बाद नये मीटर लगवा लेंगे। कंपनी की टीम सुबह जब पहुंची तो नये और पुराने मीटर में तीन यूनिट का फर्क देखकर सोनांसावरी नाका क्षेत्र के लोगों ने इसका तीखा विरोध किया। इस बीच कांग्रेस की एंट्री हुई और धरना, नारेबाजी के बाद आखिरकार बिजली कंपनी के अधिकारियों को अपनी टीम के साथ एक माह का वक्त देकर वापस लौटना पड़ा। उपमहाप्रबंधक बिजली कंपनी संदीप पांडे का कहना है कि नये स्मार्ट मीटर से प्रत्येक माह की 1 तारीख को आटोमैटिक बिल जेनरेट हो जाएगा, इसमें कोई मानव हस्तक्षेप नहीं होगा, कम-ज्यादा रीडिंग करने की शिकायत खत्म हो जाएगी। इसे पूरे शहर में लगाया जा रहा है। यहां के लोग विरोध कर रहे हैं, इसलिए हमने उनको समझाया है कि यह गलत नहीं है। पार्षद प्रतिनिधि अभिषेक साहू ने कहा कि हमने विरोध किया तो और एक माह का वक्त मांगा तो कंपनी के अधिकारियों ने एक माह का वक्त देकर फिलहाल चले गये हैं। हमने कहा कि कहीं से ज्यादा बिल की शिकायत नहीं आती है तो हम भी लगवा लेंगे।

## नशा मुक्ति अभियान अंतर्गत हुआ कार्यशाला का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. कामिनी जैन के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में 'नशा मुक्ति एवं तनाव प्रबंधन' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को मानसिक तनाव, नशे की बुरी आदतों से बचाव तथा जीवन में सकारात्मक सोच और आत्मविकास की दिशा में प्रेरित करना रहा। कार्यशाला में विशिष्ट वक्ताओं के रूप ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय एवं गायत्री परिवार से वी.के. सुभाष, वी.के. महेश, वी.के. संतोष, वी.के. सिंह एवं ओ.पी. गौर उपस्थित रहे और सभी ने अपने प्रेरणादायक विचारों से छात्राओं को को मार्गदर्शन प्रदान किया।

### भागवत कथा का आयोजन जारी

## अपने माता-पिता की सेवा, सारे तीर्थ धाम के बराबर हैः युवराज स्वामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



माता पिता की सेवा में ही ईश्वर के सभी तीर्थ धामों के दर्शन का फल मिलता है। आजकल लोग तीर्थ यात्राओं पर जाते है और ऊपरी मन की भक्ति दिखाते है और उनके घर में देखो तो माता पिता दुखी है, उनकी सेवा तो छोड़िए कई घरों में उन्हें समय पर भोजन पानी भी नहीं मिलता। उनके बच्चे तीर्थ क्षेत्रों पर जाकर ऐसी भक्ति दिखाते हैं जैसे उनसे बड़ा कोई भगवान भक्त ही नहीं है। ऐसे लोगों की भक्ति ईश्वर स्वीकार नहीं करते जिनके मातापिता घर में दुखी हैं। सबसे पहले अपने माता पिता का ध्यान रखें, उनकी सेवा करें, उनके सुख दुख को सुने, उनके साथ समय बिताए ऐसा करने से ईश्वर की कृपा आपके ऊपर स्वतः ही बनी रहेगी। उक्त उदगार श्रीमती मनोरमा देवी गुप्ता एवं परिवार बैंगलोर द्वारा आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन व्यासपीठ से श्रीश्री 1008 युवराज स्वामी रामकृष्णाचार्य जी ने व्यक्त किए।

पंचम दिवस की कथा में महाराज श्री ने श्रीकृष्ण बाल लीला एवं गोवर्धन लीला को कथा विस्तार से श्रोताओं को सुनाई। साथ ही उन्होंने कहा कि कुछ कथावाचकों के बहकावे में आकर लोगो ने भक्ति में पाखंड का सहारा ले लिया है। जिन्हें शास्त्रों और पुराणों का पूर्ण जान नहीं है ऐसे लोग कई प्रकार के टोटके और उपाय बताकर लोगों की समस्या हल होने का दावा करते है। वैसे तो यह कार्य वे साल भर करते हैं लेकिन सावन में पाखंडियों का खेल बड़ा हो जाता है। लेकिन भगवान भोलेनाथ तो साफ मन से अर्पित किए हुए पुष्प, माला ओर धतूरे से भी प्रसन्न हो जाते है। भोलेनाथ या किसी भी भगवान को प्रसन्न करने के लिए किसी आडंबर या पाखंड की आवश्यकता नहीं है यह बात लोगों को समझनी होगी।

### संदीपनी स्कूल में बिगड़ी विद्युत व्यवस्था

**माखन नगर।** सांदीपनि शासकीय उत्कृष्ट मध्यमिक विद्यालय में विद्युत व्यवस्था सुचारू नहीं है विगत 1 माह से कम वोल्टेज की स्थिति उत्पन्न हो रही है छात्र-छात्राओं द्वारा प्राचार्य को अवगत कराने पर भी ध्यान दिया जा रहा है जिससे छात्र-छात्राओं को अध्यापन कार्य करने में कठिनाई उत्पन्न हो रही है संस्था से विद्युत सप्लाई विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में भी है यहां भी वोल्टेज कम होने के कारण कार्यालय में कार्यालीन कार्य प्रभावित हो रहा है संस्था के शिक्षक और कर्मचारियों ने प्राचार्य को इस संबंध में बताया लेकिन कोई सुधार नहीं किया गया कार्यालय के प्रिंटर एवं कंप्यूटर एवं विद्यालय के कंप्यूटर प्रिंटर लो वोल्टेज के कारण चल नहीं पा रहे हैं जिससे कंप्यूटर और प्रिंटर को काफी क्षति पहुंच रही है इस संबंध में प्राचार्य के के दुबे का कहना है स्कूल बिल्डिंग पूर्ण रूप से हस्तांतरित नहीं हुई है वोल्टेज के संबंध में विद्युत मंडल को बताया गया है।

## कायस्थ महासभा की मातृशक्ति ने मनाया हरियाली महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा सदैव सामाजिक, सांस्कृतिक एवं पारिवारिक मूल्यों को सुदृढ़ करने हेतु प्रतिबद्ध रही है। इसी क्रम में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा (मध्यभारत) की महिलाओं एवं परुषों ने कोरी घाट स्थित चित्रगुप्त मंदिर में रविवार को भगवान श्री चित्रगुप्त का पूजन पाठ कर हरियाली उत्सव धूमधाम से मनाया कार्यक्रम में सभी महिलाओं ने हरे परिधान एवं हरी-हरी चूड़ियाँ पहनी एंव सखियों के संग सावन के गीत गाकर सभी ने सावन माह की एक दूसरे को शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम में युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष भानु श्रीवास्तव, जिला महामंत्री अशोक श्रीवास्तव ,जिला महासचिव राजेश कुलश्रेष्ठ ,जिला कोषाध्यक्ष अजय निगम,जिला कार्यालय सचिव मुकेश कानूनगो, जिला मीडिया प्रभारी सजेंद्र श्रीवास्तव आदि मौजूद रहीं।

## खबर संक्षेप

### युवती पर गिरा कच्चे मकान का छप्पर, दबने से मौत

**बैतूल।** ग्राम चौथिया में सोमवार सुबह 4 बजे एक कच्चे मकान का छप्पर गिर गया। हादसे में 18 वर्षीय छात्रा पल्लवी बिसंदरे की मौत हो गई। उसकी मां नानी बाई घायल हो गईं। पल्लवी और उसकी मां कच्चे मकान में सो रही थीं। लगातार बारिश से मकान की दीवारें कमजोर हो गई थीं। छप्पर बीच से टूटकर सीधे पल्लवी पर गिरा। परिवार ने मलबा हटाकर दोनों को बाहर निकाला और 108 एंबुलेंस को सूचना दी। संजीवनी 108 सेवा के डॉक्टर मनोज साबले ने घायलों को मुलताई के शासकीय अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने पल्लवी को मृत घोषित कर दिया। नानी बाई की हालत स्थिर है। पुलिस पंचनामा कार्रवाई कर रही है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। प्रशासन की ओर से अभी तक कोई सहायता की घोषणा नहीं की गई है। पिता पंजू बिसंदरे ने बताया कि मकान पूरी तरह कच्चा था। गांव के उप सरपंच सतीश डोंगरदिए ने बताया कि रविवार रात में बहुत ही तेज बारिश हुई है, वहीं पंजू बिसंदरे का मकान बहुत पुराना और कच्चा है, जिसके चलते यह हादसा हुआ है और पल्लवी की मौत हुई है।

### 22 जुलाई से 16 सितम्बर तक चलेगा दस्तक व स्टॉप डायरिया अभियान

**बैतूल।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के मार्गदर्शन मे जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा महिला एवं बाल विकास के सहयोग से दस्तक अभियान एवं स्टॉप डायरिया अभियान 22 जुलाई से 16 सितम्बर 2025 तक चलाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज कुमार हुरमाडे ने बताया कि इस अभियान के सफल संचालन के लिए जिले में कुल 473 दल बनाए गए हैं जिसमें स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आंगनवाडी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता द्वारा जिले में दस्तक अभियान के लिए चिन्हित 0 से 5 वर्ष तक के लगभग 1 लाख 45 हजार बच्चों की स्क्रीनिंग कर उनमें होने वाली बीमारियां जैसे- दस्त, निमोनिया, एनीमिया और कुपोषण की पहचान करेगी साथ ही बच्चों को आवश्यक उपचार, दवाईयां, ओआरएस का घोल एवं जिंक टेबलेट प्रदान की जाएगी।

### बारिश नहीं होने से बढ़ी बिजली की खपत, किसान चिंतित

# दस दिनों से लगा बारिश पर ब्रेक गर्मी और उमस से लोग परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

सावन की शुरुआत हुए 11 दिन बीत गए है, लेकिन जिले में बारिश पर जो ब्रेक लगा है, वह अभी तक खत्म नहीं हुआ है। वैसे सावन की शुरुआत के साथ लोगों को अच्छी बारिश की उम्मीद थी, पर सावन में भी जोरदार बारिश नहीं हो रही है। जिस कारण तापमान बढकर 31.0 डिग्री पर आ गया है। रात का पारा 21.2 डिग्री पर है। इस कारण तेज गर्मी और उमस के चलते लोग परेशान है, और बीमार पड़ रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार इस सप्ताह मानसून की वापसी हो सकती है। लेकिन सिस्टम अभी भी कमजोर है, ऐसे में जोरदार बारिश की उम्मीद कम है। हालांकि सोमवार को भी आसमान में बादल छाये रहे। कभी धूप खिली, तो कभी बादलों ने आसमान में डेरा जमा लिया।

मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि दो तीन दिनों में नया सिस्टम बनने के बाद जिले में फिर से बारिश का दौर शुरू होगा। गौरतलब है कि इस बार के बारिश के सीजन में जुलाई की शुरूआत में वर्षा का दौर जारी रहा। वहीं आषाढ़ माह में तो सावन के जैसी झड़ी देखने को मिली, लेकिन सावन माह के शुरू होते ही बारिश गायब हो गई। अब जो नया सिस्टम बनेगा, उससे जिले में अच्छी बारिश के आसार हैं।

#### तापमान बढने से बिजली की खपत बढ़ी

लगातार तापमान बढने के कारण जिले में बिजली की खपत भी बढ़ी है। जुलाई में भी पंखे, कूलर और एसी का उपयोग हो रहा है। इससे घरेलू खपत में कमी नहीं आई है। जून में अच्छी बारिश से बिजली की खपत कम हुई थी। दूसरी तरफ खेतों में बोवनी के बाद मानसूनी की बारिश नहीं होने से किसानों ने अब जलस्त्रोतों से सिंचाई करना शुरू कर दिया है। ट्यूबवेल, कुओं से सिंचाई के लिए बिजली का उपयोग बढ़ा है। खपत बढने के कारण बिजली कंपनी शहर में बार-बार बिजली ट्रिप कर रही है। 10 से 15 मिनट के लिए अलग-अलग हिस्सों में बिजली बंद हो रही है।

#### जिले में अभी तक 367.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

बैतूल। जिले की औसत वर्षा 1083.9 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 367.1 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 341.2 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 21 जुलाई 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 10.2 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 21 जुलाई 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील बैतूल में 0.0, घोड़ाडोंगरी में 0.0, चिचोली में 0.0, शाहपुर में 0.0, मुलताई में 70.0, प्रभात पट्टन में 32.4, आमला में 0.0, भैंसदेही में 0.0, आठनेर में 0.0. तथा भीमपुर में 0.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

#### रोजाना छा रहे बादल लेकिन बारिश नहीं

शहर में रोजाना बादल छा रहे हैं लेकिन बारिश नहीं हो रही है। बारिश नहीं होने से लोगों को गर्मी और उमस का सामना करना पड़ रहा है। हालात यह है कि लोगों को गर्मी से राहत पाने के लिए फिर से पंखे-कूलर का सहारा लेना पड़ रहा है। वहीं बारिश नहीं होने से लगातार तापमान में भी बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। अधिकतम तापमान 31 डिग्री के आसपास पहुंच गया है, वहीं न्यूनतम तापमान में भी उतार-चढाव बना हुआ है। ऐसे मौसम में चिकित्सकों ने सेहत पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी है। सिविल सर्जन डॉ. जगदीश घोरे का कहना है कि इस मौसम में लोगों को बाहर के खाने से बचना चाहिए। घर का तापमान मेंटेन करके रखे और सर्दी-खाँसी या बुखार होने पर तत्काल चिकित्सक से इलाज कराये।

#### नहीं हुई बारिश तो बढ़ जायेगी किसानों की चिंता

आगामी दिनों में तेज बारिश नहीं होती है तो किसानों के लिए चिंता बढ़ जाएगी। फिलहाल कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार वर्तमान में मौसम का खुला रहना फसलों के लिए लाभदायक है। हालांकि, बारिश का यह विराम यदि लंबे समय तक जारी रहता है, तो फसलों की वृद्धि प्रभावित हो सकती है और किसानों को कुएं व अन्य स्त्रोत से फसलों को पानी देना पडेगा। अभी खेतों में नमी बनी होने व बादल छाने से फसलों पर संकट के बादल नहीं छाए हैं, लेकिन सप्ताहभर तक वर्षा का खेंच रही तो समस्या हो सकती हैं। ऐसे में किसानों को कुंए या अन्य स्त्रोतों से फसलों को पानी देना पड़े सकता है। कृषि विभाग के अनुसार इस साल जिले में 4 लाख 43 हजार हेक्टेयर में खरीफ फसल की बुआई का रकबा तय किया है। इसके विरूद्ध अब तक 99 प्रतिशत बोवनी हो चुकी है।

#### इनका कहना है

वर्तमान समय खेतों में नमी है, जिससे मौसम खुला रहता है तो फसलों के लिए लाभदायक ही है। हालांकि बारिश का यह विराम यदि लंबे समय तक जारी रहता है, तो फसलों की वृद्धि प्रभावित हो सकती है।

**डॉ. आनंद बडोनिया,**
उप संचालक, कृषि विभाग बैतूल

मौसम में अभी उतार-चढ़ाव जारी है। ऐसे मौसम में लोगों को अपनी सेहत के प्रति विशेष ध्यान देने की जरूरत होती है, खासकर बच्चों एवं बुजुर्गों को। इस मौसम में बाहर का खाना खाने से बचे और सर्दी-खांसी सहित वायरल बुखार होने पर तत्काल उपचार कराये।

**डॉ. जगदीश घोरे,**
सिविल सर्जन, जिला अस्पताल बैतूल

### आरोपः इलाज में लापरवाही से हुई मौत

## छात्र की संदिग्ध हालात में मौत परिजनों ने किया चक्काजाम



**बैतूल।** जिले के गुवाड़ी गांव निवासी 12वीं के छात्र पीयूष धुर्वे की संदिग्ध हालात में मौत हो गई थी। इस मामले में लापरवाही के आरोप लगाते हुए परिजनों और आदिवासी संगठनों ने अस्पताल गेट पर चक्काजाम कर दिया। लोगों की मांग थी कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट तत्काल सार्वजनिक की जाए और जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई हो। करीब 1 घंटे के बाद चक्काजाम समाप्त हुआ। परिजन को शॉर्ट पीएम रिपोर्ट सौंप दी गई है। दरअसल शनिवार को पीयूष की उंगली ईंट बनाने की मशीन में फंसकर बुरी तरह घायल हो गई थी। उसे इलाज के लिए एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजनों के अनुसार, शाम 4 बजे ऑपरेशन होना था, लेकिन रात 8 बजे तक ऑपरेशन शुरू नहीं हुआ। छात्र को लगभग दो घंटे ऑपरेशन थिएटर में रखने के बाद दूसरे अस्पताल रेफर किया गया, जहां से उसे नागपुर भेजा गया। रास्ते में उसकी मौत हो गई। छात्र का जिला अस्पताल में डॉ. रंजीत राठौर, डॉ. तरुण साहू और डॉ. अशोक उइके की टीम ने पोस्टमॉर्टम किया। प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग कराई गई और मृतक का बिसरा जांच के लिए सागर लैब भेजा गया। पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों ने शव मर्चुरी से लेने से इनकार कर दिया। उनका कहना था कि बिना शॉर्ट पीएम रिपोर्ट के वे शव नहीं लेंगे। इलाज में लापरवाही और जानकारी छिपाने का आरोप लगाते हुए परिजन जांच की मांग पर अड़े रहे। परिजनों ने आरोप लगाया कि ऑपरेशन के दौरान न तो उन्हें कोई जानकारी दी गई, और न ही पीयूष को अंतिम समय तक देखने दिया गया। उन्हें लगातार गुमराह किया गया।

## मुलताई में चाचा-भतीजा करंट से झुलसे, अस्पताल में भर्ती



**बैतूल।** मुलताई के ग्राम भिलाई में रविवार शाम श्याम किशोर बोबडे (35) और उनका भतीजा अभिषेक बोबडे (23) खेत में लोहे का पोल काट रहे थे। पोल 11 केवी हाई वोल्टेज लाइन के संपर्क में आ गया। करंट लगने से दोनों तुरंत जमीन पर गिर पड़े। घायल अभिषेक ने बताया कि अचानक की जोरदार करंट लगा और वे दोनों दूर फीका गए, यदि वह लोहे के पोल से चिपक जाते तो गंभीर हादसा हो सकता था। घायलों को तत्काल मुलताई के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। अभिषेक ने बताया कि खेत में एक लोहे का पोल बहुत दिनों से खड़ा हुआ था, जिसे हटाने के लिए उसे काटा जा रहा था। इसी दौरान वह लाइन से टकरा गया और करंट का प्रवाह पूरे पोल में भी हो गया और जिससे उसके चाचा और वह दोनों उसकी चपेट में आ गए। डॉक्टर गजेंद्र मीणा ने बताया कि अभिषेक के हाथ बुरी तरह झुलस गए हैं। श्याम किशोर की स्थिति अधिक चिंताजनक है। दोनों मरीजों को निरंतर निगरानी में रखा गया है। आवश्यकता पडने पर उन्हें अन्य अस्पताल रेफर किया जा सकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से खेतों के ऊपर से गुजर रही हाई वोल्टेज लाइनों की सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए उचित सुरक्षा उपाय किए जाने चाहिए।

### रंगोली और पोस्टर से दिया नशे से दूर रहने का संदेश

## नशे से दूरी है जरूरी विषय पर प्रतियोगिता




**बैतूल/आठनेर।** आठनेर क्षेत्र के पंडित द्वारिकादास विज्ञान महाविद्यालय में नशा मुक्ति जनजागृति अभियान के अंतर्गत नशे से दूरी है जरूरी विषय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि में बबिता धुर्वे थाना प्रभारी, अतिथि डीके धुर्वे, कंचन चौरे, पुलिस विभाग, महाविद्यालय के संचालक आनन्द राठौर, सर एवं यशश्वी प्राचार्य, प्रो. डॉ. ऋतु चौबेकी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में नशे से दूरी है जरूरी विषय पर रंगोली, पोस्टर, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। रंगोली प्रतियोगिता में पूनम पदाम व प्रियंका ने प्रथम स्थान, गायत्री व मोनिका ने द्वितीय स्थान, एवं हर्षिता व दुर्गेश्वरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में सपना देशमुख प्रथम स्थान एवं वैशाली धोटे ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में शिवांगी यादव ने प्रथम स्थान, वैशाली घोरसे ने द्वितीय स्थान, रवि उइके ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। थाना प्रभारी बबिता धुर्वे ने कहा कि नशे के विरुद्ध लड़ाई केवल कानून का विषय नहीं, यह एक सामाजिक चेतना, सामूहिक संकल्प और युवाओं की सक्रिय भागीदारी का आंदोलन है। जब युवा खुद आगे बढक़र नशे से दूरी है जरूरी का संकल्प लेते हैं, तब बदलाव सिर्फ एक लक्ष्य नहीं, एक वास्तविकता बनता है। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. आईपी सोलंकी, प्रो. पीएस ठाकुर, प्रो. सीएल निरापुरे, प्रो. एसआर घोरसे, प्रो. भूरा वंजारे, प्रो. कमलेश गायकवाड़, प्रो. शिवदयाल अमरुते, प्रो. महेंद्र राठौर, प्रो. निशा सराटकर, प्रो. अजय बारस्कर के साथ-साथ बडी संख्या में विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

### भोपाल-बैतूल रूट पर जन शताब्दी की मांग



**बैतूल।** बैतूल से भोपाल तक नियमित जन शताब्दी ट्रेन की मांग को लेकर अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने कार्रवाई की है। पंचायत ने नागपुर डिविजनल रेल प्रबंधक के नाम स्टेशन मास्टर को ज्ञापन दिया। ग्राहक पंचायत ने बताया कि बैतूल से भोपाल के बीच सुबह और शाम के समय कोई नियमित ट्रेन नहीं है। इससे रोजाना आने-जाने वाले यात्रियों को परेशानी होती है। पंचायत ने मांग की है कि इस रूट पर नियमित जन शताब्दी चेयरकार ट्रेन शुरू की जाए।

### 23 जुलाई को मालाखेड़ी स्थित शगुन गार्डन में होगा श्रद्धांजलि कार्यक्रम

## स्व. दुर्गा प्रसाद त्रिपाठी, समाज सेवा और सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरा

शिक्षक, समाजसेवी और सांस्कृतिक चेतना के पुरोधा रहे स्वर्गीय दुर्गा प्रसाद त्रिपाठी अब हमारे बीच नहीं रहे, लेकिन उनका कार्य, योगदान और विरासत समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनी रहेगी।

अपने जीवन के पांच दशकों में उन्होंने न केवल शिक्षा के क्षेत्र में बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक आयोजनों के जरिए हर वर्ग और समाज के बीच विशिष्ट पहचान बनाई। ब्राह्मण समाज से जुड़ाव रखने वाले स्व. त्रिपाठी ने सीमाओं को तोड़ते हुए अन्य समाजों के लिए भी उल्लेखनीय कार्य किए। विशेष रूप से समाजों के बीच विवाह संबंध जोडऩे जैसे कार्यों में वे निस्वार्थ भाव से सक्रिय रहे। उन्होंने अनगिनत युवक-युवतियों के रिश्ते तय करवाकर कई परिवारों को जोडऩे का काम किया। त्रिपाठी जी ने समाज की तीन पीढय़ों से चली आ रही एक महत्वपूर्ण परंपरा को सहेजकर रखा। बांद्राबांध गांव में पिछले दो सौ वर्षों से निरंतर चल रही श्रीमद् भागवत कथा की परंपरा को उन्होंने समाज के अन्य बंधुओं के साथ मिलकर आगे बढ़ाया और इसे जीवंत बनाए रखा। एक शिक्षक के रूप में भी उन्होंने विद्यार्थियों को सिर्फ किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि सांस्कृतिक ज्ञान भी दिया। उन्होंने अपने ही विद्यार्थियों के सहयोग से रामलीला मंडल का गठन किया, जिसके माध्यम से कई वर्षों तक रामलीला का जीवंत मंचन होता रहा। यह आयोजन आज भी लोगों की स्मृतियों में जीवित है।



#### समस्त समाजों में शोक की लहर

उनके निधन से न केवल ब्राह्मण समाज, बल्कि समस्त सामाजिक वर्गों में गहरा शोक व्याप्त है। उनका स्नेह, समर्पण और समाज को जोडऩे की उनकी भावना हर किसी को प्रभावित करती रही। स्वर्गीय श्री दुर्गा प्रसाद त्रिपाठी को श्रद्धांजलि देने के लिए दिनांक 23 जुलाई को शगुन गार्डन, चक्कर रोड, मालाखेड़ी, नर्मदापुरम पर कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

### 31 जुलाई तक किसानों का फसल बीमा करवाएं

# केंद्र और राज्य शासन की सभी फ्लैगशिप योजनाओं में शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल की जाए: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



केंद्र और राज्य शासन की समस्त फ्लैगशिप योजनाओं में शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल की जाएं। प्रयास यह हो कि निर्धारित लक्ष्य से अधिक उपलब्धि प्राप्त हो। योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर कमी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अंतर्विभागीय समन्वय के मुद्दों का भी पूरी तत्परता से निराकरण किया जाएं। यह निर्देश सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित समय सीमा की बैठक में बैतूल कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने समस्त जिला अधिकारियों को दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन, अपर कलेक्टर राजीव नंदन श्रीवास्तव सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहें। बैठक में कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने सभी विभागों की विभागीय योजनाओं और प्रमुख कार्यक्रमों में प्रगति की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने मध्यप्रदेश सडक़ विकास निगम, लोक निर्माण विभाग, परिवहन, राष्ट्रीय राजमार्ग और प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक़ विकास के अधिकारियों को निर्देशित किया कि ब्लैक स्पॉट्स के चिन्हांकन की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण की जाएं। बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हुई सडक़ों की मरम्मत कराएं। उन्होंने परतवाड़ा मार्ग में हुए गड्ढों की शीघ्र मरम्मत कराएं जाने के निर्देश एमपीआरडीसी को दिए।

**लर्निंग लायसेंस के लिए लगेगा कैंप :** परिवहन विभाग की समीक्षा कर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने कहा कि कॉलेज के सभी छात्र-छात्राओं का लर्निंग लाइसेंस बनाने के लिए कैंप का आयोजन कराएं। जिस पर बताया गया कि शनिवार 26 जुलाई को जेएच कॉलेज बैतूल के ऑडिटोरियम में परिवहन विभाग द्वारा लर्निंग लाइसेंस के लिए कैंप का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने निर्देश दिए कि कैंप आयोजन के लिए सेशन निर्धारित कर कॉलेज के विद्यार्थियों के लाइसेंस बनाए जाएं। कैंप में राहवीर योजना, हिट एंड रन दुर्घटनाएं और कैशलेस इलाज योजना का प्रचार कराएं। उन्होंने बस वाहनों की भी जांच करने और अनफिट पाएं जाने वाहन मालिकों के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए।

**हितग्राहियों की शीघ्र कराए ईकेवायसी:** जिला आपूर्ति नियंत्रक को निर्देशित किया कि राशन की दुकानों से राशन का सुव्यवस्थित और सुचारू रूप से वितरण हो। उन्होंने शेष बचे राशन हितग्राहियों का भी शीघ्र ईकेवाईसी कराएं जाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला विपणन अधिकारी मार्कफेड को डबल लॉक केंद्रों का आधुनिकीकरण किए जाने के लिए कहा। पशुपालन विभाग की समीक्षा कर कलेक्टर ने उप संचालक पशुपालन को निर्देशित किया कि पशु बीमा, कृत्रिम गर्भाधान, किसान क्रेडिट कार्ड के निर्धारित लक्ष्य को शीघ्र पूर्ण कराएं। एसडीओ वन विभाग को वन व्यवस्थापन के प्रकरणों को आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज करवाने और उनका निराकरण करने के निर्देश दिए।

**भूअर्जन के प्रकरणों की समीक्षा :** बैठक में कलेक्टर ने भूमि आवंटन और भू अर्जन के प्रकरणों की भी समीक्षा कर एमपीईबी के भूमि आवंटन के प्रकरण का निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपसंचालक उद्यानिकी को निर्देशित किया कि उद्यानिकी फसलों की गिरदावरी शीघ्र पूर्ण की जाना सुनिश्चित कराएं।

## शाहपुर थाना अंतर्गत 5 महीनों से चल रहा था देह व्यापार पुलिस की कार्रवाई में पकड़े 4 आरोपी



**भौरा।** शाहपुर थाना अंतर्गत भौरा ग्राम में लगभग 5 महीनों से देह व्यापार का गोरखधंधा चल रहा था । जिसकी मुखबिर से प्राप्त जानकारी पर पुलिस ने ट्रैप बनाया और 4 आरोपियों की धरपकड़ की। बता दें कि भौरा चौकी में लगातार खुफिया जानकारी मिल रही थी कि भौरा की पटेल कॉलोनी में देह व्यापार का गोरख धंधा चल रहा है। एसडीओपी मयंक तिवारी ने मीडिया से बात करते समय बताया कि मुखबिर से मिली जानकारी के अनुसार थाना शाहपुर थाना प्रभारी एवं भौरा चौकी प्रभारी नीरज खरे द्वारा पटेल कॉलोनी में दबिश डाली गई जिस घर पर दबिश डाली गई वहां से 2 पुरुषों के साथ एक महिला आपत्तिजनक अवस्था में पकड़े गए एवं कई ऐसे सामन मिले हैं जो इस बात की पुष्टि करते हैं । कार्यवाही कर सभी को भौरा चौकी लाया गया है एवं नियमानुसार कानूनी धाराओं में कार्यवाही की जा रही है।

बैतूल हेल्पलाइन संपर्क : 9425382122, 8839830267

बी.आर. अंबेडकर कॉलेज आफ एजुकेशन, बैतूल

B.Ed प्रवेश अतिरिक्त चरण

प्रवेश से वंचित शेष रह गये छात्र/छात्राएं निराश न होवें अतिरिक्त चरण में आनलाईन पंजीयन एवं संस्था का चयन 15/07/2025 से 18/07/2025 तक करें। आनलाईन दस्तावेजों का सत्यापन हेल्प सेंटर पर जाकर 23 जुलाई 2025 से 25 जुलाई 2025 तक करायें। सीट आवंटन एवं प्रवेश शुल्क भुगतान की तिथि 23 जुलाई 2025 से 26 जुलाई 2025 तक । प्रवेश परीक्षा नही। प्रथम च्वाईस में भीमराव रामराव अंबेडकर कालेज आफ एजुकेशन, बैतूल (कालेज कोड-BED823) ही लिखें। रिजल्ट-20 वर्षों से EXCELLENT, अनुसूचित जनजाति / अनुसूचित जाति / अन्य पिछडा वर्ग को छात्रवृत्ति सुविधा शासन के नियमानुसार। मेडम या सर बनना निश्चित।

संपर्क: श्रीमती दीपा पंवार 9302846996 | प्राचार्य डॉ. जी.डी. देशमुख 9826231552 | संचालक इंजी. ध्रुवप्रकाश अग्रवाल 9300974327 | इंजी. सर्वेश अग्रवाल 9111788845

**संक्षेप खबर**

## कार्यक्रम प्रत्येक बूथ पर सुना जाए: विधायक



**सेमरी हरचंद।** भाजपा मंडल सेमरी हरचंद के मंडल कार्यकर्ताओं बूथ अध्यक्षों एवं युवामोर्चा के कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर उन्होंने माह के अंतिम रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मां की बात कार्यक्रम को अनिवार्य रूप से प्रत्येक बूथ पर बूथ कार्यकर्ताओं को आवश्यक रूप से कार्यक्रम देखकर संगठन ऐप पर डाउनलोड करने के लिए मंडल कार्यकारणी को आवश्यक निर्देश दिए।
बैठक में मंडल अध्यक्ष योगेश मालवीय सरपंच चेतन मीना मंडल प्रतिनिधि मंगेश महेश्वरी ब्रजमोहन मीणा धनीराम मौर्य मनमोहन अग्रवाल दिनेश नामदेव संजय साहू भावेश दबेआशुतोष तिवारी, उदित मीना मोनू कुशवाहा समेत कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विधायक प्रतिनिधि ने किया निरीक्षण



**पचमढ़ी।** रविवार को विधायक डॉ.सीतासरन शर्मा के निर्देश पर उनके प्रतिनिधि देवेन्द्र पटेल ने मंडी परिसर में चल रहे 1 करोड़ की सड़क निर्माण और मंडी के गेट के पास माधव राव सिंधिया की प्रतिमा स्थल पर बन रहे उद्यान का भी निरीक्षण किया।

### सोहागपुर ब्लॉक में 50 हजार से अधिक मवेशियों को लगाए गए थे टैग

# गोशालाएं गोवंश से हुईं फुल, अब फिर सड़कों पर भटक रहे मवेशी

नर्मदापुरम कमिश्नर एवं कलेक्टर के निर्देश हैं कि जिले में सड़कों पर भटकते निराश्रित मवेशियों को गौशालाओं में पहुंचाया जाए। आदेश पालन में संबंधित विभागों की ओर से कार्रवाई भी की जारी है। लेकिन इसके बाद भी मवेशी सड़कों पर भटकते देखे जा सकते हैं।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

मामले में हरिभूमि ने सोमवार को पड़ताल की तो ज्ञात हुआ कि सोहागपुर विकासखंड अंतर्गत चार गोशालाओं में 500 से अधिक मवेशियों को पिछले 10 दिनों में सड़कों से हटाकर भेजा गया है। लेकिन इसके बाद भी मवेशी निराश्रित रूप में यहां वहां भटक रहे हैं। आमजन इसे प्रशासनिक व्यवस्था की नाकामी समझ रही हैं। जबकि वास्तविकता यह है कि इसके लिए दोषी वे पशुपालक हैं जो गाय को तब तक अपने पास रखते हैं जब तक वह दुधारू हो। दूध देना बंद करने वाली गायों को भटकने के लिए छोड़ दिया जाता है। वहीं नर प्रजाति के मवेशियों को तो इनके जन्म के साथ ही छोड़ दिया जाता है। इन स्थितियों के कारण ही हजारों मवेशियों को स्टेट हाईवे व अंदरूनी सड़कों पर भटकते एवं दुर्घटनाओं का कारण बनते देखा जा सकता है। जिसमें कई बार नागरिक चोटिल होते हैं या जान गंवा बैठते हैं। तो कई बार मवेशियों की क्षति होती है।

### यह है आंकड़ा

मामले में हरिभूमि ने सोहागपुर पशु चिकित्सा विभाग से जानकारी प्राप्त की। तो ज्ञात हुआ कि कुछ वर्ष पूर्व तक विभाग ने सोहागपुर ब्लॉक में 50 हजार से अधिक मवेशियों के कानों पर टैग लगाए थे और इनमें से अधिकतर मवेशी पालतू थे। जबकि कुछ निराश्रित थे, जिनके स्वामित्व की जानकारी देने कोई नहीं आया। नागरिकों के अनुसार सड़कों पर भटकने वाले मवेशियों में पालतू एवं निराश्रित दोनों ही श्रेणी के मवेशी सम्मिलित हैं।

### यहां इतने मवेशी

जानकारी अनुसार सोहागपुर ब्लॉक की मगरिया गोशाला में 200, शोभापुर गोशाला में लगभग 100, सिटिया गोहना गोशाला में लगभग 100 तथा चारगांव गोशाला में भी लगभग 100 मवेशी पिछले 10 दिनों में सड़कों से हटाकर पहुंचाए गए हैं। और लगभग 500 मवेशियों को गोशालाओं में पहुंचाया गया है। लेकिन अभी भी हजारों मवेशी सड़कों पर भटकते देखे जा सकते हैं। वहीं खिमारा तथा अकोला ग्रामों की गौशालाओं की स्थिति अज्ञात है।


### कब बनेगी अस्थाई गोशाला

जानकारी अनुसार नर्मदापुरम कलेक्टर सोनिया मीना ने निर्देश दिए थे कि जिले के सभी नगर निकाय अपने शहरी क्षेत्र में अस्थाई गौशालाएं बनाकर वहां सड़क पर भटकते मवेशियों को पहुंचाएं। लेकिन सोहागपुर नगर में अभी तक अस्थाई गौशाला बनाने का कार्य नहीं किया गया है। बताया जाता है कि नगर परिषद सोहागपुर ने उपमंडी को अस्थाई गौशाला के लिए चिन्हित किया था।लेकिन वहां अभी मूंग खरीदी चल रही है। एवं कोई और स्थल चिन्हित किया या नहीं इस संबंध में भी जानकारी किसी को नहीं है।

**इनका कहना है**

कर रहे हैं प्रयास- "सभी संबंधित विभाग समन्वय से निराश्रित मवेशियों की सुरक्षा के प्रयास कर रहे हैं। सोहागपुर शहर में अस्थाई गौशाला के लिए स्थल की जानकारी नगर परिषद देगी।"-
**डॉ. एसके मालवीय, वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी, पशु चिकित्सा विभाग सोहागपुर।**

## मप्र को आला अधिकारी देने वाले स्कूल की हालत खराब



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

शहर के मातापुरा वार्ड में एक सरकारी स्कूल है। इस स्कूल ने मप्र को आला अधिकारी व उच्च बौद्धिक क्षमता वाले नागरिक दिए हैं। कुछ वर्ष पूर्व स्कूल का नया भवन व बाउंड्रीवॉल बनाए गए थे। लेकिन बाउंड्रीवॉल क्षतिग्रस्त हो रही है। आसपास के रहवासियों ने बताया कि नप की नाली के किनारे बाउंड्रीवॉल खोखली होती जा रही है तथा दीवार के नीचे गड्ढे हो गए हैं। नागरिकों ने प्रशासन से बाउंड्रीवॉल दुरुस्ती या नई बाउंड्रीवॉल बनाने की मांग की है।

## समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी को लेकर सर्वेयर कर रहे हैं लापरवाही, हो रहे हैं प्रतिदिन विवाद



**पिपरिया।** मध्य प्रदेश शासन एवं केंद्र शासन के सहयोग से विधानसभा क्षेत्र में समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीदी की जा रही है पिपरिया विकासखंड में 9 केंद्र बनाए गए हैं सभी केदो पर सरवेयर नियुक्त किए गए हैं। लेकिन सर्वेयर के द्वारा लगभग सभी केंद्र पर मनमर्जी कर किसानों को परेशान किया जा रहा है। लेकिन इस बार वेयरहाउस के संचालक भी सर्वेयर कि मिली भगत से किसानों को पैसे बसुली के नाम पर तथा झाड़न भी वेयरहाउस संचालक ही हम्माल तुलावटी से खरीद रहे हैं। फिर वही कचरा युक्त समर्थन मूल्य पर मूंग प्रबंधक खरीद रहे हैं। सेवा सहकारी समिति खापरखेड़ा के प्रबंधक राकेश पुरोहित,गौरव पुरोहित वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन के 10नंबर शेड पर की जा रही है। लेकिन सर्वेयर अभिषेक यादव गुना निवासी जांच मशीन का उपयोग नहीं कर रहे हैं। सीधे किसानों से पैसे लेकर पास कर रहे हैं परिसर में लगभग 200टेकटर खड़े हैं लेकिन मात्र 10टेकटर ही खाली हो रहे हे। पंजीयन तारीख भी पास है। प्रबंधक ने बताया एसडीएम को पत्र लिखकर अवगत कराया गया है। लेकिन उसके बाद भी अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। सेवा सहकारी समिति रामपुर में गरिमा विलासपुरिया प्रबंधक की लचीली कार्य को लेकर किसानों ने जाम लगा दिया और जल्दी काम करने की बात कही है।कुल मिलाकर किसानों को सर्वेयर संचालक परेशान कर है।

## विधायक विजयपाल ने की संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा कर चर्चा की



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

विधायक विजयपाल सिंह ने रविवार शाम लोक निर्माण विभाग रेस्ट हाउस में भाजपाइयों के साथ बैठक की। जिसमें उन्होंने संगठनात्मक गतिविधियों व आयोजनों की समीक्षा की एवं कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए।

सोहागपुर भाजपा मंडलाध्यक्ष अश्वनी सरोज ने बताया कि बैठक में विधायक विजयपाल सिंह ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम अंतर्गत अब तक सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र में प्राप्त उपलब्धियां पर मंडलवार पदाधिकारियों से चर्चा की। एवं उक्त कार्यक्रम के आगामी प्रसारणों को लेकर लक्ष्य पूर्ति के निर्देश भी दिए हैं। इसके अलावा विधायक विजयपाल सिंह ने कहा कि मूंग उपार्जन में किसानों को किसी भी तरह की परेशानी ना हो, इसका ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि केंद्रों पर किसानों के हितार्थ की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण करें। निरीक्षण दौरान किसान भाईयों को किसी भी तरह की परेशानी हो तो तत्काल इस बाबत प्रशासन को सूचना दें एवं अपने स्तर पर समस्या निराकरण के प्रयास करें। बैठक में पार्टी नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अतिथि शिक्षक स्कूलों में दे रहे ई अटेंडेंस में शिथिलता का आवेदन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

ब्लॉक के सरकारी स्कूलों के अतिथि शिक्षक ई अटेंडेंस में सर्वर परेशानी से जूझ रहे हैं। अतिथि शिक्षक समय पर स्कूल में होकर भी सर्वर के कारण ई अटेंडेंस दर्ज नहीं कर पाते हैं व अतिथि शिक्षक अपने विद्यालय में प्राचार्य को आवेदन दे रहे हैं। इसी क्रम में एक आवेदन सोमवार को कामती रंगपुर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अतिथि शिक्षकों ने दिया है। अतः शिथिलता बढ़ाते हुए अतिथि शिक्षकों को रियायत दी जाए। इस दौरान अतिथि तुलाराम अहिरवार, जितेंद्र सोलंकी, आशुतोष काकोड़िया आदि मौजूद रहे।

## पचमढ़ी में हुआ नशामुक्ति रैली का आयोजन



**पचमढ़ी।** पुलिस महानिदेशक, मध्यप्रदेश एवं पुलिस मुख्यालय, भोपाल के निर्देशन में 15 से 30 जुलाई तक आयोजित हो रहे नशामुक्ति अभियान अंतर्गत पीटीएस पचमढ़ी द्वारा पचमढ़ी कस्बे एवं निकटस्थ पर्यटक स्थल पर नशामुक्ति संदेश रैली का आयोजन किया। रैली में समस्त पीटीएस स्टाफ व प्रशिक्षु नवारक्षकों सहित कुल 200 पुलिसकर्मी शामिल हुए।पीटीएस के पुलिस अधिकारियों ने पचमढ़ी के मुख्य चौराहे जयस्तंभ पर जन सामान्य व पर्यटकों को नशे से दूर रहने और उसके दुष्परिणाम से अवगत कराया।

## खाद वितरण में अनियमितता को लेकर एसडीएम से मिले पटेल



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

क्षेत्र में खाद वितरण को लेकर गहराते संकट पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता राधेश्याम पटेल ने सक्रिय भूमिका निभाई है। उन्होंने सोमवार को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय पटेल एवं बड़ी संख्या में किसानों के साथ तहसील कार्यालय पहुंचकर एसडीएम श्रीमती सरोज सिंह से मुलाकात की और किसानों की समस्याएं रखीं। राधेश्याम पटेल ने बताया कि हाल ही में आई खाद की रैक में सिवनी मालवा को पूरी मात्रा में खाद नहीं मिल पाई। आधी से अधिक खाद हरदा और इटारसी को स्थानांतरित कर दी गई, जिससे सिवनी मालवा के किसानों को आवश्यकतानुसार खाद नहीं मिल पा रहा है। इसके अतिरिक्त जो खाद उपलब्ध है, उसका वितरण भी अनियमित और पक्षपातपूर्ण तरीके से हो रहा है। किसानों से चर्चा के बाद, प्रतिनिधिमंडल ने खाद वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता की माँग की। साथ ही यह भी अनुरोध किया गया कि खाद वितरण के लिए टोकन की प्रक्रिया को तहसील कार्यालय से संचालित किया जाए ताकि किसानों को समय पर खाद मिल सके और कालाबाजारी पर अंकुश लगाया जा सके। एसडीएम सरोज सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को तलब कर निर्देश दिए कि खाद वितरण के लिए किसानों की सूची बनाकर टोकन तहसील कार्यालय में ही दिए जाएं, जिससे व्यवस्था में पारदर्शिता आए और किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय पटेल ने विश्वास जताया कि प्रशासन की इस पहल से खाद वितरण में सुधार होगा और किसानों को राहत मिलेगी। इस मौके पर गोपाल कृष्ण शर्मा, विजय पटेल सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन नर्मदापुरम का गठन, डीलरों की समस्याओं पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



जिले के पेट्रोल पंप संचालकों की समस्याओं के निराकरण व समन्वय के लिए जिला पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन गठित की गई है। इसके लिए गत दिवस की गई बैठक में जिले के डीलर्स शामिल हुए।

बैठक की अध्यक्षता जिला संरक्षक व प्रदेश प्रतिनिधि राजेंद्र अग्रवाल ने की। अध्यक्ष मंडल में जायसवाल पेट्रोल पंप सोहागपुर के संचालक प्रशांत रामलखन जायसवाल उपस्थित रहे। डीलर्स ने कार्यक्षेत्र में होती तकनीकी समस्याओं, मापतौल, सुरक्षा मानकों व अन्य परेशानियों को बैठक में विचारार्थ रखा व विमर्श भी किया गया। अध्यक्ष मंडल ने कहा कि एसोसिएशन समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से संबंधित विभागों से समन्वय बनाकर करेगी। इस दौरान नर्मदापुरम जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष प्रशांत जायसवाल, उपाध्यक्ष रंधीर रघुवंशी, गौरव अग्रवाल, अनिल बुंदेला, राजेश गौर, मनोज राय, पवन मीना, मनीष ठाकुर, जगदीश लखेरा, हेमंत दुबे, धर्मेंद्र सोहरत, नवीन चौधरी, लीलाधार मेहरा, मनु प्रताप सिंग, अक्षय गौर, अनुभव दुबे, अखिल अग्रवाल, राहुल सिंह चौहान, संतोष पटेल, नितिन खंडेलवाल व अन्य डीलर्स उपस्थित रहे।

### दिए दायित्व

बैठक बाबत प्रशांत जायसवाल व नवीन चौधरी सोहागपुर ने बताया कि विचार विमर्श के बाद नर्मदापुरम जिले के डीलर्स को विविध दायित्व दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि सभी को दायित्व देते हुए अपेक्षा की गई है कि डीलर्स की समस्याओं के निराकरण के समन्वित प्रयास किए जाएं। एसोसिएशन की आगामी बैठक सोहागपुर तहसील के मढ़ई में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम के अंत में जिला सचिव राजेश गौर ने सभी का उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त किया।

## पिपरिया में बगैर लाइसेंस के कॉलोनाइजर का काम करने वाले पर की गई बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

प्रदेश शासन की पहली आईएएस अनुविभागीय अधिकारी अनीशा श्रीवास्तव के द्वारा पहली बार कॉलोनाइजरोंके खिलाफ कार्यवाही की गई है। जिसके कारण कालोनइजरों में हड़कंप मचाहै। जमीनों की धोखाधडी रोकने की बड़ी तैयारी अनुविभागीय अधिकारी के द्वारा की जा रही है।

अवैध कालोनियां शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भी काटे जाने लगी है। अवैध कॉलोनाइजरों पर कार्रवाई करते हुए अनुविभागीय अधिकारी ने बताया कि अवैध कॉलोनी पर रेरा पंजीयन क्रमांक का ब्रेक लगाने की तैयारी है राजस्व विभागजमीनों मे धोखाधड़ी करने के लिए एक बार फिर रजिस्ट्री मैं रेरा पजीयन अनिवार्य करने का प्रस्ताव तैयार कर रहा है। शासन द्वारा नोटिफिकेशन लागू कर दिया जाएगा। बिना रेरा पंजीयन नंबर की विकसित कालौनी कॉलोनिया एवं निर्माण में रजिस्ट्री पर भी रोक लगादी गई है। अधिकारीने बतायाकी अभी कृषि भूमि पर सिर्फ ऑनलाइन ड्रायवर्शन कर प्लाटिंग कर दीजिती। बिना किसी मंजूरी के प्लाट या मकानका विक्रय हो जाता है।

अपेक्षाकृत सस्ती दरों में मिलने से इन्हें खरीद लेते है। बाद में मंजूरी की कमी से नारकीय जीवन जीने को मजबुर हो जाते हैं। इसी कार्यवाही में अनुविभागी दडाधिकारी राजस्व पिपरिया के द्वारा सुधीर अग्रवाल पिता कन्हैया लाल अग्रवाल निवासी पचमढ़ी रोड पिपरिया को अंतरिम आदेश पारित किया है 14 जुलाई 2025 को जिसमें बताया है की ग्राम पंचायत वीजनबाडा के खसरा नबर55/2रकवा 0,137एवं खसरा नंबर 56/2/रकवा 0,065 हेक्टेयर आवासीय डायवर्टेड भूमि में खसरा नंबर 56/2रकवा 0,223है क्रषि भूमि सुधीर अग्रवाल का नाम अभिलेख में दर्ज है। उक्तभूमि पर बगैर सक्षम अधिकारी के अनुमति कॉलोनाइजर लाइसेंस कॉलोनी विकास अनुज्ञा के भूखंड बनाकर विक्रया किया जा रहा है। जिससे प्रतीत होता है कि कालोनी विकसित की जा रही है। आवास योजना से परिवर्तित भूमि है यह अवेध कॉलोनी कहलाती है।

## शा.नवीन हाईस्कूल में हुआ पौधरोपण कार्यक्रम

**सिवनी मालवा।** शासकीय नवीन हाईस्कूल सिवनी मालवा में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई। विद्यालय के प्राचार्य श्री सुरेंद्र कुमार पाटिल द्वारा कक्षा 9वीं एवं 10वीं के छात्रावास में निवासरत सभी विद्यार्थियों को अशोक के पौधे भेंट किए गए। इन पौधों को छात्रावास परिसर में विद्यार्थियों द्वारा रोपित किया गया।

## सावन सोमवार को नगर भ्रमण पर निकले बाबा महाकाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

महाकाल सेवा समिति के दारा सावन के दूसरे सोमवार को बाबा महाकालकी विशाल सवारी सजाई गई तथा नगर भ्रमण पर राजा कोनिकला गया बाबा महाकाल की सुरक्षा में प्रशासन ने भीड नियंत्रणके लिए पचमढ़ी रोड नाके दुर्गामंदिरसे लेकर सीमेंट रोड पर स्थित शिव मंदिर तक सवारी निकाली गई पिछले वर्ष की सवारी कोदेखते हुए कड़ेइंतजाम किए गए थे श्रवण वास में निकलने वाली बाबा महाकाल की सवारी में चंद्र मोलेश्वरके रूप में बाबा के द्वारा दर्शन दिए गए जगह-जगह शोभा यात्रा का स्वागत एवं पूजन किया गया जिसमें महाकाल सेवा समिति के हिंदूसंगठन एवं युवकों के दारा यात्रा निकालीमुख्य रुप से सभी सम्मानित पदाधिकारी के साथ महिलामोर्चा युवा मोर्चा अभिषेक दुबे हर्षित शर्मा सहित सभी लोग शामिल हुए।

### पुलिस विभाग का आयोजन जारी

# निकाली गई जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

प्रदेश पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार “नशे से दूरी- है जरूरी” अभियान के तहत पचमढ़ी में आई जी, कमिश्नर एवं जिला एसपी की अध्यक्षता में जन जागरूकता रैली एवं जन संवाद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे छात्र छात्राएं, नगर रक्षा समिति तथा आमजन सम्मिलित रहे। संवाद के दौरान थाना प्रभारी एवं स्टॉफ द्वारा नशे से होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। नशे के खिलाफ अभियान में सहभागिता देने तथा नशे से अपने परिवार रिश्तेदारों को जागरूक करने हेतु आमजनों को समझाइए दी गई, नारे लगाए गए।



### नशामुक्ति के लिए दिया संदेश

**माखन नगर।** मध्य प्रदेश पुलिस के द्वारा नशे से दूरी है जरूरी शीर्षक से राज्यव्यापी जागरूकता अभियान के अंतर्गत रविवार को थाना माखन नगर में विविध कार्यक्रमों के तहत सीनियर बालिका आदिवासी छात्रावास माखन नगर में छात्राओं को तथा मंगलवार बाजार कस्बा माखन नगर तथा ग्राम पीपर पानी में ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति सजग रहने हेतु जागरूक किया इस दौरान सभी ने प्रेरणा लेकर नशे से दूर रहने की प्रतिज्ञा ली और समाज में नशा उन्मूलन के लिए प्रयास करने का संकल्प लिया!

## श्रावण माह में पांच दिवसीय महारुद्राभिषेक हुआ प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

पवित्र पावन श्रावण माह में भगवान भोलेनाथ की पूजा आराधना का क्रम निरंतर जारी है। इसी क्रम में साईं की बगिया न्यास कॉलोनी में अथर्व ज्योतिष परामर्श केंद्र द्वारा पांच दिवसीय भव्य और अलौकिक महारुद्राभिषेक का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार से आयोजन का शुभारंभ हुआ। प्रारंभ दिवस के अवसर पर कावेरी स्टेट दुर्गा मंदिर से धूमधाम से विशाल कलश यात्रा निकाली गई। इस आयोजन में सवा लाख रुद्री भी बनाई जाएगी। आयोजन में पूजन अर्चन पंडित अरुण शास्त्री के द्वारा कराया जा रहा है। आयोजकों के अनुसार प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक रुद्री निर्माण ओर अभिषेक किया जा रहा है जिसमें अधिक से अधिक धर्मप्रेमी नागरिकों को शामिल होने का आग्रह किया गया है।

**इश्तहार**

**रा.प्र.क्र. 0034 अ-20 (3) वर्ष 2025-26**

आम जनता को इस इश्तहार प्रेस मुनादी के जरिये सूचित किया जाता है आवेदिका सीमा आ. स्व. हितेश तिलोटिया निवासी वार्ड नं. 19 नेहरूगंज इटारसी ने इस आशय का आवेदन पत्र अर्न्तगत धारा 109, 110 म.प्र. भू. रा. संहिता प्रस्तुत कर अवगत कराया गया कि नजूल शीट नं. 03 प्लाट नं. 48 रकबा 1200 वर्गफुट भूमि जो नजूल अभिलेख में श्रीमति कृष्णा बाई तिलोटिया, प्रवंत तिलोटिया, हितेष तिलोटिया, इन्द्र कुमार तिलोटिया, संजय तिलोटिया, विजय तिलोटिया के नाम संयुक्त रूप से दर्ज है। सहखातेदार हितेष तिलोटिया का स्वर्गवास दिनांक 07/12/2024 को इटारसी में हो चुका है। अतः आवेदिका द्वारा सहखातेदार हितेष तिलोटिया का नाम उनके फौत हो जाने से नजूल अभिलेख से विलोपित किया जाकर फौती आधार पर नामांतरण किये जाने का अनुरोध किया है।

आवेदक के उक्त आवेदन पर जनसामान्य को कोई आपति या कोई दावा प्रस्तुत करना हो तो वह प्रकरण के सुनवाई दिनांक 28/07/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय नजूल अधिकारी इटारसी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय अवधि में दावा या आपत्ति पेश न होने की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर आदेश पारित किया जावेगा।

नोटः- नियत तिथि को अवकाश घोषित होने की दशा में प्रकरण की कार्यवाही आगामी कार्य दिवस में होगी।

**नजूल अधिकारी, इटारसी**

## खबर संक्षेप



### मोलश्री ने शूटिंग प्रतियोगिता में जीता रजत

**खंडवा।** भंडारी पब्लिक स्कूल के 18 छात्र-छात्राओं ने शूटिंग अकादमी जबलपुर में आयोजित 21वीं स्टेट ईयर वेपन गन फार ग्लोरी शूटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया।16 जुलाई से 23 जुलाई तक आयोजित इस प्रतियोगिता में छात्र कोच काशिफ लियाकत के नेतृत्व में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे है। कक्षा 10वीं की छात्रा मोलश्री शुक्ला ने अपने वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया। उनकी इस सफलता पर स्कूल के संचालक नीरज भंडारी, आरती भंडारी, प्राचार्य श्याम सिंह चौहान और समस्त स्कूल परिवार ने छात्रा को बधाई और शुभकामनाएं दीं। स्कूल संचालक भंडारी दंपती ने कहां कि यह छात्रा की मेहनत और समर्पण से इस प्रतियोगिता में पदक जीता है। हमें अपनी छात्रा पर गर्व है।

### निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए



**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग के दल ने सोमवार को प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य सामग्रियों के सैम्पल लिये। खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेन्द्र कांबले ने बताया कि निरीक्षण के दौरान जे डी ढाबा वेज होटल बैतूल रोड़ टेमागांव से पनीर और बनी तुअर दाल का सैंपल लिया। इसी प्रकार यादव ढाबा और न्यू गजानन ढाबा बैतूल रोड टेमागांव का निरीक्षण कर लाइसेंस चेक किया तथा गजानन रेस्टोरेंट नांदवा कुटी से आटे का सैंपल लिया। उन्होने बताया कि ये सैंपल खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे जायेंगे तथा जांच बाद रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

### विधायक तनवे ने कुबेश्वर धाम के लिए एक लाख की राशि घोषित की



**खंडवा।** देशभक्ति और भक्ति भाव का संगम उस समय देखने को मिला जब खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे ने मूंदी रोड़ किशोर नगर स्थित कुबेश्वर धाम शिव मंदिर में भारत माता की भव्य आरती की। भारत माता की जय घोष के साथ भक्तिभाव के वातावरण में उन्होंने भगवान शिव का आभार प्रकट करते हुए कहा तेरा तुझको अर्पण, मेरा क्या लागे। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर परिसर के ओटले निर्माण हेतु 1 लाख की घोषणा भी की। कार्यक्रम में भाजपा नेता सतनाम सिंह होरा, हरीश कोतवाले, दिनेश पालीवाल, पार्षद आशीष शर्मा, किशोर नगर पार्षद स्वाति साकल्ले, प्रेम नारायण तिवारी, आशीष अग्रवाल, प्रदीप यादव, मंजू यादव, जानकी अग्रवाल, पार्षद रामसिंह रावत व दीप सिंह झाला सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जयदीप चौरे ने किया आभार प्रदर्शन प्रीति वर्मा द्वारा किया गया।

### छात्रवृत्ति के लिए 30 तक होंगे रजिस्ट्रेशन

**सीहोर।** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा सीहोर स्थित प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में छात्रवृत्ति के लिए जिले के सभी स्कूल एवं कॉलेज के प्राचार्यों की बैठक आयोजित की गई। इसमें बताया कि शासन के निर्देशानुसार कक्षा नौवीं से कॉलेज स्तर तक अध्ययनरत अनुसूचित जाति एवं जनजातीय वर्ग के विद्यार्थी 30 जुलाई तक रजिस्ट्रेशन करवा सकते। जिससे केन्द्र द्वारा प्री-मैट्रिक अथवा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का लाभ विद्यार्थी प्राप्त कर सके।

---

### शादी के खर्च के लिए 11 लाख रुपए चोरी किए थे

# वाहन के ड्राइवर ने ही चुराए थे व्यापारी के पैसे, किया गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव/हरदा

जिले में एक ट्रक ड्राइवर ने शादी के खर्च के लिए 11 लाख रुपए चोरी कर ली। वह मालिक के साथ इंदौर से माल बेचकर लौट रहा था। रास्ते में ढाबे पर रुकते ही उसने अपने दोस्त को इशारा कर कैश से भरा बैग गायब करवा दिया। पुलिस ने उसे बैग सहित गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल, बैतूल जिले के आठनेर निवासी मोहित राठौर ने 19 जुलाई को रहटगांव थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वह ड्राइवर शेख समीर के साथ ट्रक में मूंग और मक्का लेकर इंदौर गया था। वहां कांटाफोड़ मंडी में माल बेचकर उन्हें 10.70 लाख रुपए नकद मिले। इसके बाद दोनों ट्रक से वापस लौट रहे थे। वापसी के दौरान टेमागांव के पास एक ढाबे पर उन्होंने खाना खाने के लिए ट्रक रोका। यहीं खाना खाते वक्त पैसों से भरा बैग गायब हो गया। मोहित ने पहले आसपास तलाश की, फिर रहटगांव थाने में केस दर्ज कराया। एसपी ने सोमवार को पुलिस कंट्रोलरूम में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले का खुलासा किया।

#### सीसीटीवी से पकड़ाया

पुलिस ने ढाबे के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले। फुटेज में एक युवक बैग लेकर बैतूल की ओर जाता दिखा। ड्राइवर समीर की गतिविधियां भी संदिग्ध लगीं। पूछताछ करने पर वह टूट गया और साजिश कबूल कर ली। समीर ने बताया कि उसकी जल्द ही शादी होने वाली है, लेकिन पैसों की तंगी थी। इसलिए उसने अपने दोस्त साहिल शेख के साथ मिलकर चोरी की योजना बनाई। इंदौर से लौटते समय ढाबे पर रुकने का बहाना बनाकर उसने साहिल को ट्रक से बैग उठाने का इशारा किया।

#### 11 लाख में से 1400 खर्च


पुलिस ने दोनों आरोपियों को पकड़ लिया और उनके पास से पूरी रकम बरामद कर ली। पूछताछ में साहिल ने बताया कि उसने 11 लाख में से केवल 1400 रुपए खर्च किए थे, बाकी रकम उसी के पास सुरक्षित थी।

---

# शार्ट सर्किट से लगी आग के धुएं में फंसे 10 लोगों को बचाया

### कलेक्टर बंगले के सामने बिल्डिंग में हादसा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर बंगले के सामने एक बिल्डिंग में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। इससे बिल्डिंग की दूसरी मंजिल पर स्थित प्राइवेट बैंक और ई-लाइब्रेरी में मौजूद 8 छात्राओं समेत 10 लोग फंस गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड, पुलिस और एसडीईआरएफ की टीम ने वक्त रहते रेस्क्यू शुरू किया और बिल्डिंग में फंसे सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। घटना सोमवार शाम करीब 5 बजे की है। बताया जा रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी। देखते ही देखते चिंगारियां और लपटें उठने लगी। बिल्डिंग के अंदर धुआं भर गया। जिससे दूसरी मंजिल पर फंसे लोगों का दम घुटने लगा। दूसरी मंजिल पर एक प्राइवेट बैंक और ई-लाइब्रेरी है। हालांकि यहां मौजूद कई लोग आग लगने की खबर मिलते ही भागकर बाहर आ गए। लेकिन 10 लोग अंदर ही फंसे रह गए। जिन्हें रेस्क्यू टीम ने निकाला।

#### छत से नीचे उतारा

बायपास चौराहे पर ट्रैफिक थाने में पदस्थ एएसआई बसंत चौधरी को मौके पर मौजूद लोगों ने आग लगने की सूचना दी। उन्होंने तुरंत नगर पालिका की फायर ब्रिगेड, होमगार्ड और एसडीईआरएफ की टीम को बुलाया। एसडीईआरएफ के जवानों ने आग और धुएं के बीच बिल्डिंग में घुसकर लोगों को दूसरी मंजिल से छत की ओर निकाला। वहां से धीरे-धीरे सभी को सुरक्षित नीचे लाया गया। फायर ब्रिगेड ने पानी डालकर आग पर काबू पाया।

---

### 400 मीट्रिक टन यूरिया प्राप्त हो रहा

## हरदा, रहटगांव के साथ टिमरनी में आज से होगा नकद खाद वितरण



**हरदा।** जिले में विपणन संघ के डबल लॉक केन्द्र हरदा, टिमरनी व रहटगांव उपकेन्द्र से नकद खाद यूरिया का वितरण मंगलवार को प्रातः 8:30 बजे से किया जाएगा। जिला विपणन अधिकारी योगेश मालवीय ने बताया यूरिया की रैक बनापुरा लगी हैं, जिससे हरदा जिले को लगभग 400 मीट्रिक टन यूरिया प्राप्त हो रहा हैं। भारतीय किसान संघ ने मांग की किसानों को लाइन में खड़ा करना बंद करें। भारतीय किसान संघ तहसील हरदा का प्रतिनिधिमंडल किसानों की समस्याओं के लेकर आज अनुविभागीय अधिकारी एसडीएम महोदय कुमार सानू देवरिया से मिला और ज्ञापन दियो जिसमें सभी केंद्र पर मूंग खरीदी किसानों के लिए टोकन की व्यवस्था के माध्यम से व्यवस्थित रूप से खरीदी की जाए डीएपी और यूरिया खाद किसानों सोसाइटी के माध्यम से वितरित किया जाए और साथ ही किसानों को सोसाइटी नगद खाद का भी विक्रय करें साथ ही डीएमओ और एमपी एग्रो से वितरित किया जाने वाल खाद टोकन के माध्यम से किसानों को दिया जाए जिससे घंटो घंटो किसानों को लाइन में खड़े होने की परेशानी का सामना न करना पड़े मूंग खरीदी की व्यवस्था में गति प्रदान की जाए इस अवसर पर संभागीय सदस्य ब्रजमोहन राठौर , जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र बांके , संतोष गौर नगर संयोजक, मुकेश दुगाया तहसील उपाध्यक्ष, हरनारायण बांके , विनय यादव उपस्थित रहें।

---

### छात्र-छात्राओं ने भाग लिया

## नशे से दूरी है जरूरी अभियान में प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

युवाओं को नशीले पदार्थों से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करने तथा उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने हेतु नशे से दूरी है जरूरी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत सोमवार को थाना हंड़यिा द्वारा शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल में विद्यार्थियों के बीच निबंध लेखन एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने रचनात्मक विचारों एवं चित्रों के माध्यम से नशे के विरोध में सशक्त संदेश प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में थाना प्रभारी निरीक्षक सुभाष दरश्यामकर एवं स्कूल प्राचार्य सीमा ओनकर ने विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में बच्चों को नशे के दुष्प्रभाव, कानूनों की जानकारी तथा एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में उनके कर्तव्यों के संबंध में जानकारी दी गई।

---

### 5 वर्ष तक के बच्चों इलाज करेंगे

## बाल मृत्यु में कमी लाने जिले में आज से प्रारंभ होगा दस्तक अभियान



**हरदा।** प्रदेश में बाल मृत्यु के प्रकरणों में कमी लाने के उद्देश्य से स्वास्थ विभाग द्वारा प्रतिवर्ष महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वय से दस्तक अभियान संचालित किया जाता है। यह अभियान वर्ष में 2 बार अधिकतम 6 माह तथा न्यूनतम 4 माह के अंतराल में आयोजित किया जाता है। अभियान के प्रथम चरण में 5 वर्ष तक के बच्चों की चिकित्सीय जांच कर बीमारियों की पहचान एवं त्वरित उपचार व प्रबंधन पर बल दिया जाता है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने बताया कि दस्तक अभियान जिले में 22 जुलाई से 16 सितम्बर 2025 तक चलाया जावेगा। इस अभियान में 5 वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों की स्क्रीनिग कर समुचित उपचार किया जावेगा। उन्होने बताया कि दस्तक अभियान के तहत जिले के 5 वर्ष तक की आयु के 69922 बच्चों के स्वास्थ परीक्षण का लक्ष्य रखा गया है। अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त दल एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व आशा कार्यकर्ता द्वारा घर-घर दस्तक देकर प्रत्येक बच्चे की जांच की जाएगी। इस दौरान निमोनियाग्रस्त बच्चों की जॉच व इलाज, कुपोषित की जॉच व उसे पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती करने, दस्त रोग डायरिया से पीड़ति बच्चों के पालकों को ओआरएस घोल बनाने के संबंध में जानकारी दी जावेगी।

---

### तुलसी उत्सव की तैयारियां

## बैठक में 3 दिवसीय कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई गई



**खंडवा।** श्री तुलसी पुण्यतिथि उत्सव समिति खंडवा द्वारा आयोजित तुलसी उत्सव 2025 की तैयारियों को लेकर माणिक्य स्मारक वाचनालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में नवनियुक्त अध्यक्ष अशिष चटकेले की अध्यक्षता में नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें संरक्षक नारायण नागर व सुनील सकरगाये की सहमति प्राप्त रही। घोषित नवीन कार्यकारिणी में दिनेश पालीवाल को महामंत्री, भावेश बिल्लोरे को सचिव, जितेंद्र बरोले, भूपेंद्र सिंह चौहान एवं रितेश चौहान को उपाध्यक्ष, मंगलेश शर्मा, मनोज मंडलोई, मंगलेश सिंह तोमर एवं श्याम सोनी को सह सचिव तथा संजय दुबे को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि तुलसी उत्सव 2025 का आयोजन 29 जुलाई से 31 जुलाई तक तीन दिवसीय विविध कार्यक्रमों के साथ किया जाएगा। शुभारंभ 29 जुलाई मंगलवार को प्रातः 9 बजे सराफा स्थित तुलसी उद्यान में तुलसीदास की प्रतिमा का पूजन एवं माल्यार्पण के साथ होगा। उत्सव के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी जो तीन वर्गों में विभाजित होंगी वर्ग सः कक्षा पहली से पाँचवीं (प्राथमिक),वर्ग बः कक्षा छठवीं से आठवीं (माध्यमिक), वर्ग अः कक्षा नवमीं से बारहवीं (हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी)।

#### विभिन्न प्रतियोगिताएं होंगी

प्रतियोगिताओं में चित्रकला, निबंध, सामान्य ज्ञान, भजन, लघुकथा, तात्कालिक भाषण, भाषण, वाद-विवाद, नाटक/एकांकी, फैंसी ड्रेस एवं रामचरित मानस के पद के धाराप्रवाह छंद पठन शामिल रहेंगे। इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को 31 जुलाई को प्रातः 10 बजे सम्मानित किया जाएगा। सभी कार्यक्रमों का आयोजन स्थल माणिक्य स्मारक वाचनालय रहेगा। कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा हेतु समिति के सदस्य सुनील जैन, नारायण बाहेती, अखिलेश गुप्ता, सत्येंद्र सोहनी, मनोज जोशी, विवेक माहेश्वरी, शशिकांत तिवारी, आलोक खेड़ेकर, वासुदेव पवांर, प्रदीप कानूनगों, मनीष मालाकार, अनिल बाहेती, विकास शुक्ला, शिरीष कानूनगों, प्रफुल्ल मंडलोई, राधेश्याम पटेल, जितेंद्र उपाध्याय, मनोज लाड़, प्रशांत डोंगरे, सर्वेश राठौर, मनीष अग्रवाल एवं मातृशक्ति से सीमा भावसार, चेतना शर्मा, भावना बिल्लोरे, सरिता महोदय, योगिता माहेश्वरी, पूजा जैन की उपस्थिति रही। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत अध्यक्ष अशिष चटकेले ने किया।

---

## चोरों ने गहने व नकदी उड़ाई सीसीटीवी में कैद हुए संदिग्ध



**खंडवा।** रामनगर इलाके में शनिवार और रविवार की दरमियानी रात चोरों ने सूने मकानों को निशाना बनाते हुए दो घरों में ताले तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पहली वारदात शिवराम अटूडे के मकान में हुई, जो घटना के समय घर पर मौजूद नहीं थे। चोर उनके सुने मकान का ताला तोड़कर घुसे और गृहस्थी का सामान बिखेर दिया। मकान से सोने का मंगलसूत्र, 2 तोले की कान की झुमकी, चांदी की पायल और करीब 20,000 की नकदी चुराई गई। दूसरी वारदात प्रदीप सोनी के घर में हुई, जो शिवराम के मकान से कुछ दूरी पर स्थित है। चोरों ने उनके मकान के भी ताले तोड़कर घर में घुसपैठ की और सामान चोरी कर फरार हो गए। चोरी की जानकारी रविवार रात सामने आने के बाद राम नगर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच में दो संदिग्ध बाइक सवार चोर कैद हुए हैं। राम नगर चौकी द्वारा शिवराम आटूदे की शिकायत पर अमामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

### कामिका एकादशी पर शिवालयों में भक्तों की भीड़ उमड़ी

## गुप्तेश्वर मंदिर में 51 लीटर दूध से बाबा भोलेनाथ का अभिषेक किया गया



**हरदा।** सावन मास के दूसरे सोमवार और कामिका एकादशी के दिन सुबह से ही शहर के सभी शिवालयों में भक्तों की भीड़ उमड़ी। अजनाल नदी के तट पर स्थित 300 साल पुराने प्राचीन गुप्तेश्वर मंदिर में भोलेनाथ का 51 लीटर दूध से अभिषेक किया गया। गुप्तेश्वर मंदिर में बारह ज्योतिर्लिंगों पर भक्तों ने जलाभिषेक कर आरती की। सुबह से ही भक्त दर्शन के लिए कतार में खड़े रहे। ज्योतिषी पंडित मुरलीधर व्यास ने कहा कि इस दिन कई शुभ योग बन रहे हैं। पवित्र सावन माह के द्वितीय सोमवार और श्रावणी एकादशी के पुण्य अवसर पर हरदा मंडी प्रांगण स्थित श्री पंच पिपलेश्वर महादेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का श्रंगार हुआ। जिसमें महादेव अपने दिव्य चतुर्भुज भगवान विष्णु के स्वरूप में दिखाई दे रहे हैं। कलाकार जयकृष्ण चांडक का इस मंदिर में विगत इक्कीस सालों में अन्ठयानवेवां श्रृंगार है। करीब आठ घंटे लगे पूर्ण करने में श्रृंगार में मिट्टी, रंग, चमकदार कपडा, लेंस, चुनरी कपड़ा, फूलों की माला और रांगोली का उपयोग किया है। रोहित सोनी का सहयोग रहा।

---

### सड़क वर्षों से बदहाल है, वाहन निकालने में मुश्किल हो रही

# खंडवा-डोलार रोड जर्जर, निकाला पैदल विरोध मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा



खंडवा से डोलार जाने वाली सड़क की बदहाल स्थिति को लेकर आमजन लंबे समय से परेशान है। आए दिन हो रहे हादसों में लोगों की मौत हो रही हैं। कुछ समय पूर्व सिरपुर फाटे एक्सीडेंट हो गया जिसको लेकर स्थानीय लोगों द्वारा चक्का जाम किया था और प्रशासन ने जल्द सड़क को बनाने वादा था । लेकिन स्थिति जस की तस है और अब इस समस्या के खिलाफ अब आवाज उठाई जाने लगी है। इसी क्रम में समाजसेवी बबलू राजानी ने सोमवार को विरोध स्वरूप पैदल मार्च किया और प्रशासन का ध्यान गंभीर समस्या की ओर खींचा। बबलू राजानी ने बताया कि यह सड़क वर्षों से बदहाल स्थिति में है, मगर अब इसकी हालत इतनी खराब हो चुकी है कि छोटे वाहन ओर कारे भी निकलने में मुश्किल हो रही है। बड़ी संख्या में दुपहिया वाहन चालक गिरकर घायल हो चुके हैं और कई गंभीर हादसों में लोगों की जान तक जा चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस सड़क का निर्माण पूर्व भाजपा पंधाना विधायक राम दागोरे के कार्यकाल में हुआ था, लेकिन निर्माण के कुछ ही समय बाद सड़क उखड़ने लगी। बीच में लीपापोती कर चूरी डाल दी गई, लेकिन स्थायी समाधान नहीं किया गया। इसमें भारी भ्रष्टाचार की बू आ रही है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

#### सड़क की मरम्मत और दोषियों पर कार्रवाई की मांग

बबलू राजानी ने सवाल उठाया कि इतने वर्षों में न तो लोक निर्माण विभाग के किसी अधिकारी पर कार्रवाई हुई और न ही सड़क निर्माण करने वाले ठेकेदार पर कोई सख्त कदम उठाया गया। यह जनता के साथ अन्याय है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द इस सड़क की मरम्मत और दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई तो आने वाले समय में जनआंदोलन होगा और समाज के लोग चुप नहीं बैठेंगे। स्थानीय नागरिकों ने भी बबलू राजानी के इस कदम की सराहना की और कहा कि वे भी इस मुहिम में साथ खड़े रहेंगे।